ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 27 | अंक 6 विक्रम संवत् 2080 जून 2023 | पृष्ठ 34

संरक्षक : विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी



प्रकाशक

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं
जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

Narayan

ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 27 | अंक 6    विक्रम संवत् 2080    जून 2023 | पृष्ठ 34

परामर्शदाता
देवर्षि कलानाथ शास्त्री
प्रो. बनवारीलाल गौड़
प्रो. दयानन्द भार्गव
प्रो. कैलाश चतुर्वेदी
डॉ. शीला डागा
प्रो. (डॉ.) गणेशीलाल सुथार

प्रधान सम्पादक
श्री सोहन लाल गर्ग
श्री एम.एल. गर्ग

सम्पादक
डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा

सह-सम्पादक
डॉ. रामदेव साहू
डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा
तिबोर कोकेनी
श्रीमती अन्या वुकादिन

परामर्श संपादक
कपिल अग्रवाल
मारियो ब्रूमेट

- प्रमुख संरक्षक -
परम महासिद्ध अवतार श्री अलखपुरी जी
परम योगेश्वर स्वामी श्री देवपुरी जी

- प्रेरणास्त्रोत -
भगवान् श्री दीपनारायण महाप्रभुजी

- संस्थापक -
परमहंस स्वामी श्री माधवानन्द जी

- संरक्षक -
विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस
श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी

- प्रबन्ध सम्पादक -
महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी

प्रकाशक
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान
(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)
कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर
**Website :** vgda.in | **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram | **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org

Sponsored by : **Narayan D.O.O. - narayanfoods.com**

# अनुक्रमणिका


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सम्पादकीय | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 3 |
| 2. | YOGA SUTRAS OF PATANJALI | Swami Maheshwaranandapuri | 4 |
| 3. | चौघड़िया मुहूर्त - एक विश्लेषण | डॉ. रामदेव साहू | 10 |
| 4. | युगपुरुष -म. म. राष्ट्रपतिसम्मानित संस्कृत-मनीषी आचार्य डॉ.नारायणशास्त्री काङ्कर डी.लिट्. | श्रीमती इन्दु शर्मा काङ्कर | 14 |
| 5. | मेरे अध्यात्मगुरु डॉ. फतहसिंह | डॉ मोहनलाल गुप्ता | 19 |
| 6. | ARCHITECTURE AND INSCRIPTIONS ON CHHATRIES OF BIKANER | Dr. Uma Dubey | 24 |
| 7. | राष्ट्रोपनिषत् | डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर | 31 |


विश्वदीप दिव्य संदेश पत्रिका का वार्षिक सदस्यता शुल्क **800/- रूपये**

**खाता संख्या : 5013053111**

**IFS Code : KKBK0003541**

मुद्रण : **कन्ट्रोल पी**, जयपुर - मो. : 9549666600

# सम्पादकीय

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित मासिक शोधपत्रिका का वर्ष 2023 का षष्ठ अंक आपके करकमलों में अर्पित करते हुए अत्यधिक हर्ष का अनुभव हो रहा है। भारतीय धर्म-संस्कृति के शोधलेखों का यह संग्रह विद्वानों द्वारा सराहा जा रहा है। विद्वानों द्वारा नियमित भेजे जा रहे शोधलेख हमारा मनोबल बढ़ा रहे हैं व पत्रिका के महत्त्व को भी आलोकित कर रहे हैं। पूर्व अंकों में सभी उच्चस्तरीय विद्वानों के लेख प्रकाशित हुए हैं।

इसमें सर्वप्रथम महामण्डलेश्वर स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी द्वारा लिखित YOGA SUTRAS OF PATANJALI शोध लेख में पातंजलयोगसूत्र के प्रतिपाद्य की आधुनिक सन्दर्भ में उपयोगिता दर्शायी गयी है। तत्पश्चात् डॉ. रामदेव साहू द्वारा लिखित 'चौघड़िया मुहूर्त - एक विश्लेषण' शोधलेख में भारतीय कालगणानाधारित मुहूर्तपद्धति में प्रचलित चौघड़िया मुहूर्त की वैज्ञानिकता का प्रतिपादन किया गया है। श्रीमती इन्दु शर्मा काङ्कर द्वारा लिखित 'युगपुरुष - म.म. राष्ट्रपतिसम्मानित संस्कृत-मनीषी आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर डी.लिट्.' शीर्षक लेख में डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर के व्यक्तित्व एवं कर्त्तृत्व पर व्यापक प्रकाश डाला गया है। डॉ. मोहनलाल गुप्ता द्वारा लिखित 'मेरे अध्यात्मगुरु डॉ. फतहसिंह' लेख में डॉ. फतहसिंह के व्यक्तित्व एवं वैदुष्य को उप स्थापित किया गया है। तत्पश्चात् डॉ. उमा दुबे द्वारा लिखित 'ARCHITECTURE AND INSCRIPTIONS ON CHHATRIES OF BIKANER' ऐतिहासिक शोधलेख में बीकानेर की छतरियों में दर्शनीय स्थापत्य एवं वास्तुकला की प्रामाणिक जानकारी प्रदान की गयी है। अन्त में स्व. डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर के 'राष्ट्रोपनिषत्' के कतिपय पद्य प्रकाशित किये गये हैं, जो गुरुशिष्यपरम्परा के गौरव को प्रदर्शित करने के साथ साथ आत्मचिन्तन की प्रेरणा प्रदान करने वाले हैं।

आशा है, सुधी पाठक इन्हें रुचिपूर्वक हृदयंगम करने में अपना उत्साह पूर्ववत् बनाये रखेंगे।

शुभकामनाओं सहित....

**-डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**

# YOGA SUTRAS OF PATANJALI

## A Guide to Self-knowledge

**Mahamandleshwar Paramhans**
**Swami Maheshwaranandapuri**

SvßinÔa}analMbn< va . 38.

**38. svapna-nidrā-jñāna-ālambanaṃ vā**

*svapna – dream nidrā – sleep*
*jñāna – knowledge, realisation*
*ālambana – refuge, help*
*vā – or*

**Or through meditation on knowledge gained in sleep or dream.**

For the practitioner, mental experiences are very important, whether they take place in waking consciousness or in dreams. By contemplating and meditating on them, their mind becomes calm and still.

ywai-mtXyanaÖa. 39.

**39. yatha-abhimata-dhyānād-vā**

*yatha – also, likewise*
*abhimata – desired, longed for, dear*
*dhyāna – meditation*
*vā – or*

**Or about meditating on something you love.**

As explained in the previous *sūtras*, it is important that you choose and maintain a fixed object for meditation. Just "meditating along" in empty space will lead nowhere, and the mind and senses will eventually run away with you like wild horses. *Vrittis* arise and prevent you from inner collection. Therefore, to filter and purify the *vrittis*, choose a divine symbol to focus your concentration and meditation on. The best "object" is your ISHTA-DEVATĀ, the deity you believe in and worship. Then the restlessness of your mind will subside.

It is not easy and needs much practice and many attempts until those three become one: knower, knowledge and object. At the moment this is our situation: the "knower" does not yet know who they are – they do not even know what they actually want to know.

Patanjali shows us different ways and solutions to overcome problems in the four previous *sūtras*. There are two types of difficulties. One is the external disturbances (*vikshepa)* already explained in *sūtra* 30, problems concerning, for example, one's job, health, interpersonal relationships, financial situation, and so on. The other type are the so-called *kleshas*, inner problems, which in turn are often caused by *vikshepas* when the life problems and outer disturbances enter the conscious and subconscious mind. The *kleshas* are described in detail in Part 2, *Sādhana-Pāda.*

As long as *vrittis* (thought waves) arise in you – no matter of what kind and quality – it means that individuality exists, and you are not yet one with God.

At the beginning of the spiritual path, you will experience that your thoughts, instead of coming to rest, increase abruptly and flood the mind like a tidal wave. The explanation for this is that many problems have been waiting inside you to rise up into consciousness. As soon as you close your eyes and sink into your inner self, inner burdens and conflicts that you thought you had forgotten or overcome flood into your mind and cause unrest and disturbances. As long as we live on this earth and in this body, difficulties will always arise that we have to face and resolve. Through yoga practice we should be able to consciously eliminate thoughts of them during concentration and meditation.

One of the ways to achieve this has already been mentioned by Patanjali – concentration on a symbol or ideal. A symbol, of course, also means dualism – nevertheless, it helps us to progress on the path to unity, because this symbol represents our goal. The experiences and visions we have in the course of the exercises are not yet the goal. But they help us to continue to persevere and strengthen us on our path.

Once you have decided on a path, two things are important: confidence and enthusiasm for your exercises. Doubts and negative thoughts are great obstacles and block any progress. Enthusiasm is present at the beginning, but there is usually a lack of continuity and patience. That is why the holy scriptures say that the disciple needs a master whom they trust and whose spirit can always "inspire" them anew. If the enthusiasm dwindles, laziness soon creeps in. The practice time becomes shorter and shorter and is postponed more and more until it finally stops altogether. This is the result of lack of enthusiasm. Therefore, always pray to God to keep your faith. For faith and enthusiasm go hand in hand. I do not mean here faith in a religion or in dogmas, but your deep inner conviction and trust in your path and your personal Godhead.

prma[uprmmhÅvaNtae=Sy vzIkar>. 40.

**40. parama-aṇu-parama-mahattva-anto`sya vaśikāraḥ**

*parama – highest, outermost*
*aṇu – smallest*
*mahattva – greatest, infinite*
*anta – end*
*vaśikāra – under control, subdued*

**Thus, the yogi masters all levels, from the smallest to the greatest.**

When the meditator has such experiences and visions, they begin to expand their consciousness from the tiny atom to the infinite universe. This does not happen immediately, but gradually and incrementally.

In the beginning, states of consciousness may occur that can be frightening. It can be

that the body feelings change. You may suddenly feel your body to be very heavy or very light. This is a sign that consciousness is beginning to leave the body.

If the body feels heavy, the consciousness is drawn inwards, into the "inner space" (*chidākāsha*). Such sensations occur more often when lying down during relaxation or in the deep relaxation of *Yoga-Nidrā.* Feelings of anxiety may arise, as you are, so to speak, diving into unknown abysses of your inner world. The consciousness penetrates back into the past and must push through hard resistances, as if it were digging through a mountain range. Far-away memories, even those from previous lives, can rise up. The *asmitā vritti*, the ego's self-protection mechanism, however, immediately brings back into waking consciousness those who become afraid and cannot control or overcome their fear.

It can also be the opposite, that your body feels light as a feather, or that you lose your sense of direction and no longer know which way you are facing. Your arms and legs may suddenly seem metres long, and you can't feel where they are placed. You seem to lose contact with the ground and feel like you are floating. Eventually you no longer know where you are – in your room or in the forest, outdoors or in another room ... You see your body as if in a mirror and you see your astral form. Sometimes you have the feeling of being in your inner space. Sometimes it seems as if your inner space is inside you. It can even happen that you suddenly find yourself next to your body and see it from the outside.

At this point I would like to tell you all: never be afraid, no matter what experiences come. Meditation experiences are similar to dreams. Be sure, at the end you will always return to normal daytime consciousness. Fear, however, can lead to a tightening that makes these experiences truly frightening. No one needs to fear being suddenly and unprepared attacked by such experiences. Just as a fruit ripens slowly, so do experiences ripen in accordance with the development of consciousness.

Some may think that such meditation experiences are mental illness signs or hallucinations, but they are fundamentally different. Certainly, there are mental disorders which at first sight resemble genuine spiritual experiences. But the difference is that the meditator is in full possession of their consciousness and intellect. Their intellect is even particularly clear and keen, which distinguishes them clearly and beyond doubt from the

clouded and unsteady consciousness of the mentally disturbed. At a spiritually advanced stage, a yogi is able to "switch" their consciousness in a matter of seconds – from the active, extraverted state to deep relaxation, absorption and meditation, and vice versa as well.

]I[v&Äeri-jatSyev m[e¢RhIt&¢h[¢aýe;u tTSwtdÃnta smapiÄ>. 41.

**41. kṣīṇa-vṛtter-abhijātasyeva maṇer-grahītṛ-grahaṇagrāhyeṣu tatstha-tadañjanatā samāpattiḥ**

*kṣīṇa – diminished, ended*
*vritti – thoughts, waves in consciousness*
*abhijātasya – purified, transparent*
*maṇi – jewel, crystal*
*grahītṛ – receiver, perceiver*
*grahaṇa – received, obtained*
*grāhyeṣu – the received, perceived*
*tatstha – united, identical*
*añjanatā – colored, adorned*
*samāpatti – to come together*

**When the *vrittis* in the mind are quieted, knowledge, knower and object of knowledge are reflected in it as in a pure, clear crystal.**

SAMĀPATTI means union, unification. This term is used by Patanjali for the first, "lower" stages of *samādhi.*

When the *vrittis* come to a standstill, this is the first sign of success. As long as the mind wanders uncontrollably, it has not yet been mastered. Through *mantra* and *prāṇāyāma,* practice of *ātma chintana* and deep meditation, it has finally succeeded in centring the consciousness. The aspirant can now stop or disengage from the *vrittis at* will at any time – just as the person who has mastered driving can steer or stop their car at will.

In *samādhi* the meditator does not "know" who God is. Rather, they are one with God. If you put a piece of sugar in a glass of milk, it dissolves completely in it – likewise, your feelings, thoughts, experiences, your entire existence dissolves in God. When sugar

dissolves in milk, although the form of sugar is no more visible, the qualities of sugar – the sweetness – is still there. This union is therefore not perfect. Unity exists when milk dissolves in milk, water dissolves in water. So first the individual – in our example the "sugar" – must give up its individual qualities. Only when the mind is as clear and transparent as a flawless diamond or rock crystal can it reflect the highest consciousness.

> Ādi Shankarāchārya said, "As the first stage of realisation, you behold the light of God in every living being. God-realisation means realising in all living beings."

When you realise and experience – and not only know in theory – that the divine light within you is the same as the light of the soul of every other living being, human and animal, then you have reached the first stage of the realisation of divine consciousness. For example, if you look at an ant and realise: she is *ātma*, she *is* me – then you know what God is!

As mentioned in the introduction, there are several stages of *samādhi*. The two main types are *sabīja* and *nirbījasamādhi*. *Sabīja* means "with seed." This means that in one of the five levels of consciousness (unconscious, subconscious, conscious, superconscious, cosmic conscious) traces of *vrittis* still exist.

Even if you have realised yourself on the path of yoga up to the Supreme Consciousness, but you still have this thought: "I know that I am now one with God", then you have not yet reached the perfect *samādhi.* The "ego" – the "sugar" of our example – is still there in a very subtle way. There are still *vrittis* or seeds of *vrittis* existing in you.

You thought you had already achieved perfect inner purity through your practices and pure living, and had carefully dug up all the "weeds" by the roots from your consciousness – but to your surprise, the next time it "rains", sprouts begin to grow again, because there were still seeds hidden in them.

The *antahkarana* (*manas – mind*, *buddhi* – intellect, *chitta* – consciousness and *ahamkāra* – ego-consciousness) are very difficult to purify and keep under control. As long as these functions of the psyche are not mastered, disturbances will always come upon you from outside or rise from within.

# चौघड़िया मुहूर्त - एक विश्लेषण

**डॉ. रामदेव साहू**
प्रोफेसर (वेदविज्ञान)
विश्वगुरु दीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर

भारतीय कालगणनाधारित मुहूर्त्त पद्धति में चौघड़िया मुहूर्त की मान्यता अति प्राचीन काल से चली आ रही है। 'चौघड़िया' शब्द का अर्थ है चार घटी का समय। यद्यपि कालगणनानुसार चार घटी का समय 96 मिनिट का होता है, तथापि अहोरात्रीय विभाजन में यह समय 90 मिनिट का है तथा वही इसके लिए स्वीकार्य माना गया है। यह मुहूर्त्त-अनुक्रम पृथ्वी की स्थिति एवं ग्रहों की गोचरीय दृश्य गति पर आधारित है। हमारी पृथ्वी की परिधि 59,60,400 किलोमीटर की है।

पृथ्वी अपनी धुरी पर निरन्तर भ्रमण कर रही है पृथ्वी के इस घूर्णन में उसकी सतही दृश्य गति 2,48,350 किलोमीटर प्रतिघंटा है, जबकि ग्रहों की दृश्य गतियाँ जो गोचरीय आधार पर इस घूर्णन को पूर्ण करती हैं, वे भिन्न भिन्न गतिक्रम को लिए हुए है। इनमें सूर्य की दृश्य गति 686 किलोमीटर प्रति घंटा, चन्द्रमा की दृश्य गति 1,10,378 किलोमीटर प्रति घंटा, मंगल की दृश्य गति 5491 किलोमीटर प्रति घंटा, बुध की दृश्य गति 8236.5 किलोमीटर प्रति घंटा, बृहस्पति की दृश्य गति 638.34 किलोमीटर प्रति घंटा, शुक्र की दृश्य गति 8235.8 किलोमीटर प्रति घंटा एवं शनि की दृश्य गति 274 किलोमीटर प्रति घंटा है।

सूर्योदय के समय जो वार होता है, उसी का अधिपति ग्रह दक्षिण वाम दिग्वृत्त में पूर्व दिशा में 0° पर होता है। चूँकि वृत्त की परिपूर्णता भी यहीं पर होती है, अत: इसे 360° भी मानना चाहिए। इस समय हमारी पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र ठीक उसी ग्रह के सामने होता है, जो उस वार का अधिपति होता है तथा इसी आधार पर उस वार विशेष की उपकल्पना की गयी है। इसके उपरान्त घूर्णन करती हुई पृथ्वी जब क्रमशः 22.5°, 45°, 67.5°, 90°, 112.5°, 135°, 157.5°, 180°, 202.5°, 225°, 247.5°, 270°, 292.5°, 315°, 337.5° पर पहुँचती है, तब जो ग्रह पृथ्वी के सम्मुखीय केन्द्र के समक्ष होता है, उस ग्रह की रश्मियाँ पृथ्वी तक पहुँचने में समर्थ होती हैं, क्योंकि उस समय पृथ्वी एवं उस ग्रह के मध्य किसी प्रकार व्यवाय (बाधकत्व) नहीं होता।

ये ग्रह-विशेष की रश्मियाँ पृथ्वीवासियों पर अपने अपने गुणधर्मानुसार प्रभाव डालती हैं, अत: शुभ रश्मियों की पृथ्वी को प्राप्ति का समय शुभ मुहूर्त माना जाता है, जबकि अशुभ रश्मियों की पृथ्वी को प्राप्ति का समय अशुभ मुहूर्त्त माना जाता है। सामान्यतया सभी ग्रह अपना शुभाशुभ प्रभाव डालते हैं, किन्तु 'प्राधान्येन तद्वादस्तद्वादः'न्याय से अशुभ रश्मियों के अधिकता से प्रसार करने के कारण सूर्य, मंगल एवं शनि के मुहूर्त्त को चौघड़िया मुहूर्त्त में अशुभ मान लिया गया है। इसका कारण यह है, कि इन ग्रहों की सीधे पृथ्वी के सम्मुखीय केन्द्र पर पड़ने वाली रश्मियाँ पृथ्वी के सजीव-निर्जीव सभी प्राणियों-पदार्थों के लिए घातक होती हैं।

उदाहरण के लिए रविवार को पूर्व दिशा में 0° पर सूर्य की स्थिति होती है तथा इसका प्रभाव तब तक रहता है, जबकि पृथ्वी का सम्मुखीय केंद्र 22.5° पर नहीं पहुँच जाती। इस स्थिति में सूर्य एवं पृथ्वी दोनों के सम्मुखीय केन्द्र परस्पर एक दूसरे के ठीक सामने होते हैं तथा चूँकि सूर्य अत्यधिक उष्ण है, अत: उसकी सीधी रश्मियों से पृथ्वी पर पहुँचने वाली उष्मा के उद्वेगकारक होने से रविवार को पहला चौघड़िया मुहूर्त्त'उद्वेग'या'उत्पात'संज्ञक कहा गया है।

जब घूर्णन करती हुई पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र 22.5° पर पहुँचता है, तब उसके ठीक सामने शुक्र का सम्मुखीय केन्द्र होता है। शुक्र में उष्मारहित भ्राजस्व है तथा शुक्र का प्रभाव इसी कारण शुभ माना गया है। पृथ्वीवासियों को शुभ फलदायक होने से तथा शुक्र के अपने स्वभाव चंचलता के कारण इसे 'चर' या 'चंचल' संज्ञा से कहा जाता है। पृथ्वी का समुखीय केंद्र 0° से 22.5° तक पहुँचने में एक घंटा 30 मिनिट का समय लेता है। शुक्र का प्रभाव भी तब तक स्थिर रहता है, जब तक कि पृथ्वी का सम्मुखीय केंद्र 45° पर नहीं पहुँच जाता।

जब पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र 45° पर पहुँचता है, तब उसके ठीक सामने बुध का सम्मुखीय केन्द्र होता है। बुध चन्द्रात्मज होने से समशीतोष्ण रश्मियों वाला है तथा पृथ्वी भी समशीतोष्ण स्वभाव वाली है, अत: तुल्यगुण धर्म होने से बुध के इस मुहूर्त को'लाभ'संज्ञा से कहा गया है। इस मुहूर्त्त में पृथ्वीवासियों को सर्वाधिक लाभप्रद रश्मियाँ प्राप्त होती हैं। यह रविवार का तीसरा मुहूर्त्त है तथा इसका प्रभाव भी तब तक स्थिर रहता है, जब तक कि पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र 67.5° पर नहीं पहुँच जाता।

जब पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र 67.5° पर पहुँचता है, तब उसके ठीक सामने चन्द्रमा का सम्मुखीय केन्द्र होता है। चन्द्रमा अत्यन्त शीत रश्मियों वाला है तथा सोम का आधायक है, अपनी अमृतमयी रश्मियों को वह इस अवधि में पृथ्वी पर पहुँचाता है, अत: इस मुहूर्त्त को'अमृत'संज्ञा से कहा गया है। यह रविवार का चौथा मुहूर्त्त है,

तथा इसका प्रभाव भी तब तक स्थिर रहता है, जब तक कि पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र 90° पर नहीं पहुँच जाता।

जब पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र 90° पर पहुँचता है, तो उसके ठीक सामने शनि का सम्मुखीय केन्द्र होता है। शनि क्रूर ग्रह है तथा इसमें घातक रश्मियों का बाहुल्य है। पृथ्वी पर पहुँचने वाली इसकी रश्मियाँ विनाश एवं विघटन की कारक होने से इस मुहूर्त्त को'काल'संज्ञा से कहा गया है। यह रविवार का पाँचवाँ मुहूर्त्त है तथा इसका प्रभाव भी तब तक स्थिर रहता है, जब तक कि पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र 112.5° पर नहीं पहुँच जाता।

जब पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र 112.5° पर पहुँचता है, तब उसके ठीक सामने बृहस्पति का सम्मुखीय केन्द्र होता है। बृहस्पति सौम्य ग्रह है तथा देवगुरुत्व के कारण परोपकारी है। इसकी रश्मियाँ ऐकान्तिक रूप से जीवनदायिनी शुभ रश्मियाँ हैं, अत: इस मुहूर्त को शुभ संज्ञा से कहा गया है। यह रविवार का छठा मुहूर्त्त है तथा इसका प्रभाव भी तब तक स्थिर रहता है, जब तक कि पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र 135° पर नहीं पहुँच जाता।

जब पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र 135° पर पहुँच जाता है, तब उसके ठीक सामने मंगल का सम्मुखीय केन्द्र होता है। मंगल भी सूर्य की भाँति उष्ण एवं शुष्क प्रकृति का ग्रह है। इसकी रश्मियाँ भी घातक होती हैं, अत यह क्रूर ग्रह भी कहा गया है। इसकी रश्मियों की प्रमुख विशेषता यह है, कि वे रक्त में श्वेतकणिकाओं का अवशोषण कर प्राणियों की रोगप्रतिरोधक क्षमता में कमी कर देती हैं, अतः रोग का सपक्षी होने से इसके मुहूर्त्त को'रोग'संज्ञा से कहा गया है। यह रविवार का सातवाँ मुहूर्त्त है तथा इसका प्रभाव भी तब तक स्थिर रहता है, जब तक कि पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र 157.5° पर नहीं पहुँच जाता।

जब पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र 157.5° पर पहुँचता है, तब उसके ठीक सामने सूर्य का सम्मुखीय केन्द्र होता है। अत: पुन: वही मुहूर्त्त आवृत्त होता है, जो सूर्योदय के समय था। इस प्रकार दिवाकाल के आठ मुहूर्त होते हैं। आठवें मुहूर्त्त की समाप्ति पर पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र 180° पर होता है तथा यहीं से रात्रिकालीन चौघड़िया शुरू हो जाता है।

रात्रिकालीन चौघडियों में सर्वप्रथम पृथ्वी का सम्मुखीय केन्द्र बृहस्पति के सम्मुखीय केन्द्र के ठीक सामने होने से'शुभ'तथा उसके पश्चात् इसी क्रम से 202.5° पर चन्द्रमा के सम्मुखीय केन्द्र के ठीक सामने होने से'अमृत'तथा उसके पश्चात् इसी क्रम से 225° पर शुक्र के सम्मुखीय केन्द्र के ठीक सामने होने से'चर'या'चंचल'तथा उसके पश्चात् 247.5° पर मंगल के सम्मुखीय केन्द्र के ठीक सामने होने से'रोग'तथा उसके

पश्चात् 270° पर शनि के सम्मुखीय केन्द्र के ठीक सामने होने से 'काल' तथा उसके पश्चात् 292.5° पर बुध के सम्मुखीय केन्द्र के ठीक सामने होने से 'लाभ' तथा उसके पश्चात् 315° अंश पर सूर्य के सम्मुखीय केन्द्र के ठीक सामने होने से 'उद्वेग' या 'उत्पात' तथा उसके पश्चात् 337.5° पर पुन: बृहस्पति के सम्मुखीय केन्द्र के ठीक सामने होने से 'शुभ' का चौघड़िया स्पष्ट होता है।

रविवार की भाँति ही अन्य वारों में भी इसी प्रकार गतिक्रम से चौघडिया मुहूर्त्त बनते हैं, जो हमें हमारे दैनिक शुभप्रवृत्तिमूलक कार्यों की कर्त्तव्यता एवं अकर्त्तव्यता का स्पष्ट निर्देश करते हैं। शुभ काल में किया गया शुभ कार्य भविष्य में कभी भी अशुभता से प्रभावित नहीं होता, किंतु अशुभ काल में किया गया शुभ कार्य भविष्य में यथा शीघ्र अशुभता से प्रभावित हो कर कष्टप्रद बन जाता है, अत: विवेकशील मनुष्य को शुभ-अशुभ काल का विचार करके ही दैनिक शुभ मांगलिक कार्यों को सम्पन्न करना चाहिए, ऐसा कालविधान ज्योतिषशास्त्र के प्रणेताओं ने बतलाया है:-

**स्वभावादेव कालोऽयं शुभाशुभसमन्वितः।**
**अनादिनिधनः सर्वो न निर्दोषो न निर्गुणः।।**
**तस्मान्निर्दोषकालार्थे मुहूर्त्तमधिगच्छताम्।**
**कालः शुभो गुणैर्युक्तो बलवद्भिः शुभप्रदः।।**

अर्थात् समय ही स्वाभाविक रूप से शुभ एवं अशुभ से युक्त होता है। यह आदि एवं अन्त से रहित है। यह न सर्वथा निर्दोष है और न ही सर्वथा गुणरहित है। अत: काल की निर्दोषता को जानने के लिए मुहूर्त्त को भली भाँति समझना चाहिए, क्योंकि बलवान् गुणों से युक्त शुभ काल ही प्रवृत्ति को शुभ बना कर कार्य के शुभ फल को प्रदान करता है।

(नोट - इस लेख में चौघडिया मुहूर्त्त की कालगणना भारतीय सूर्योदय एवं भारत में दृश्य सूर्य के उदय बिन्दु को आधार मान कर दर्शायी गयी है । उत्तर भारत में चौघडिया मुहूर्त्त को आज भी भारतीयों द्वारा शुभाशुभ कालनिर्णय हेतु अपनाया जाता है।)

# युगपुरुष –म. म. राष्ट्रपतिसम्मानित संस्कृत–मनीषी आचार्य डॉ.नारायणशास्त्री काङ्कर डी.लिट्.

भावाञ्जलि

लेखिका - **श्रीमती इन्दु शर्मा काङ्कर**

आप संस्कृत साहित्य जगत् के मूर्धन्य विद्वान् कहे जाते हैं। आपके सुप्रसिद्ध विशाल व्यक्तित्व को सीमित शब्दों में लेखनीबद्ध करना बहुत ही दुष्कर कार्य है, किंतु फिर भी यह असंभव कार्य संपन्न करने का प्रयास इस लेख के माध्यम से कर रही हूँ। यद्यपि जिनके कार्यों की गणना करते करते हाथों की अंगुलियों के पोर कम पड़ जायें, ऐसे आप के किये हुए कार्य के प्रभाव की गणना सहस्त्रमुख से भी करना सम्भव नहीं है।

संस्कृत विद्या के लिए अपरा काशी कही जाने वाली गुलाबी नगरी जयपुर में जन्मे महामहिम राष्ट्रपति-सम्मानित ऋषियुग के महान् अन्तराल के पश्चात् वैदिक भाषा और वैदिक छन्दों में ही अपने काङ्करार्षेय भाष्य के साथ अपूर्व अनुपम और अद्वितीय " राष्ट्रवेद" के रचयिता महामहोपदेशक विद्यावाचस्पति जयपुर-राजगुरु पण्डित-मार्त्तण्ड श्री मधुसूदन ओझा जी के प्रिय अन्यतम अन्तेवासी महामहोपाध्याय पण्डित श्रीनवलकिशोर शर्मा काङ्कर जी के ज्येष्ठ पुत्र आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर डी.लिट्. भी अपने पूज्य पिताजी के समान ही महामहिम-राष्ट्रपति-सम्मानित मनीषी हुए।

महामहिम-राष्ट्रपति-सम्मानित संस्कृत-मनीषी आचार्य डॉ.नारायणशास्त्री काङ्कर संस्कृत साहित्य जगत् में इसी नाम से प्रसिद्ध हुए, किन्तु आपका मूल नाम ' श्री नारायणलाल शर्मा काङ्कर ' है। आपका जन्म दिनाङ्क- 13 जुलाई 1930 को जयपुर, राजस्थान में महामहोपाध्याय आचार्य पं. नवलकिशोर काङ्कर जी के विद्या-वैभव-भवन में हुआ। आपको विद्या वैभव विरासत में प्राप्त हुआ। संस्कृत के व्याकरण , साहित्य एवं सांख्य योग के विद्वान् के रूप में आपका संस्कृत गद्य और पद्य की रचना में समान अधिकार था। आप संस्कृत में कथा , निबन्ध , नाटक , काव्य आदि विविध विधाओं के लेखन में सिद्धहस्त थे।आपने गद्य में पन्द्रह हजार (15000) रचनायें कीं तथा पद्य में भी 15000 से अधिक रचनायें सम्पादित की हैं। आपकी लेखनी से साहित्य की गङ्गा अन्तिम क्षण तक अविरल प्रवाहित होती रही।

आप अपने उदार व्यक्तित्व के कारण लोकप्रिय साहित्यकार रहे। उदार, उदात्त उज्जवल छवि के धनी हुए। स्वभाव से अत्यन्त विनम्र , सरलहृदयी मधुरभाषी आप सादा जीवन , उच्च विचार को अपने रहन-सहन का मूल मन्त्र मान कर तदनुसार आचरणकर्त्ता हुए। जीवन में स्वावलम्बिता और आत्मनिर्भरता की शैली आपको गांधीवादी विचारधारा का अनुयायी बताती थी। वास्तव में साहित्यिक कर्त्तृत्व ही उसके रचयिता के व्यक्तित्व का उज्ज्वल दर्पण होता है, यह तथ्य आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर के विषय में भी सटीक प्रतीत होता है। आपके साहित्यिक कर्त्तृत्व में व्यक्तित्व के अनेक पक्ष दिखायी देते हैं।

आचार्य, पी-एच.डी., डी.लिट्.की उपाधि प्राप्त डॉ. काङ्कर ने 3-7-1948 से 10-9-1958 तक महाराज संस्कृत कालेज, जयपुर में- 10 वर्ष तक अध्यापक रूप में अपनी सेवायें देने के पश्चात् 11-9-1958 से 18-11-1969 तक राजकीय आयुर्वेद कालेज में संस्कृत साहित्य-विवेचक के पद पर तथा दि. 19-11-1969 से 29-12-1978 तक संस्कृत प्राध्यापक के पद पर कार्य किया। बाद में राजकीय आयुर्वेद कालेज के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर (N.I.A.) के रूप में परिवर्त्तित हो जाने पर , इसी संस्थान में 30-12-1978 से 29-4-1985 तक असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में और दि. 30-4-1985 से 31-7-1990 तक एसोसिएट प्रोफेसर (संस्कृत) के रूप में कार्य करते हुए दिनाङ्क-31जुलाई 1990 को सेवानिवृत्त हुए।

सेवानिवृत्ति के समय आचार्य डॉ काङ्कर जी ने कहा था —

**" अन्ते पुनः प्राण-प्रियानपीदम् , आश्वासयामि स्वजनानिहाद्य।**
**अनावृत-द्वारमिदं गृहं मे , ज्ञेयं सदा संस्कृत - शिक्षणार्थम्॥४६॥**
**"यावच्छरीरं मनसा सहैव, वेविद्यते स्वस्थतमं ममेदम्।**
**तावत् सहर्षं गृह-संस्थितोऽपि , सेवां विधास्ये सकलस्य सर्वाम्॥४७॥**

आचार्य डॉ काङ्कर जी अपने इस वचन का पालन अन्तिम समय तक 93 वर्ष की वृद्धावस्था में भी पूर्ण निष्ठा से करते रहे। प्रारम्भ से ही अपने निवास पर उपस्थित संस्कृत-शिक्षार्थियों को निःशुल्क संस्कृतशिक्षा-प्रदान करने एवं शोधार्थियों के मार्गदर्शन के साथ- साथ स्वयं मौलिक लेखन , सम्पादन , व्याख्यान एवं प्रकाशन द्वारा सरस्वती की समाराधना में अविरत संलग्न रहे।

डॉ. काङ्कर की देश की प्रमुख प्रतिष्ठित भारती (जयपुर), मधुरवाणी (गदक-कर्णाटक), संस्कृत-

रत्नाकरः(दिल्ली– पटना), चरित्रनिर्माण(हृषीकेश), भारती विद्या (अलमोडा), संस्कृतभवितव्यम्(नागपुर), संस्कृत साकेतः(अयोध्या), दिव्यज्योतिः(शिमला), संस्कृतम् (अयोध्या), भारतवाणी (पूना), विश्व-संस्कृतम्(होशियारपुर), चण्डी(प्रयाग), गुरुकुल-पत्रिका(गरुकुल, कांगडी, हरिद्वार), प्रज्ञालोकः(बैंगलूर), अमृतलता(किल्ला पारडी), स्वरमङ्गला(जयपुर), सुधर्मा : संस्कृत दैनिक पत्र(मैसूर), विश्वम्भरा(बीकानेर), गाण्डीवम्, संस्कृत साप्ताहिक(वाराणसी), परमार्थसुधा(वाराणसी), आयुर्वेदमार्त्तण्ड(श्रीगङ्गानगर), शारदा पाक्षिकी(पूना), ज्योतिष्मती(जयपुर), राजस्थान पत्रिका(जयपुर), शारदा (औरैया), देववाणी (बीकानेर), वैजयन्ती(बागलकोट-बीजापुर), जनसत्ता(दिल्ली), संस्कृत भाषा पत्रिका (पारडी), वेद- प्रदीप(नासिक), व्रजगन्धा(मथुरा), संस्कृत-मञ्जरी(दिल्ली), नवयुग-सन्देश(भरतपुर), सम्भाषण-सन्देशः (बैंगलूरु) आदि लगभग 160 पत्र-पत्रिकाओं, अभिन्दनग्रन्थों, स्मारिकाओं और पुस्तकों में संस्कृत तथा हिन्दी में गद्य में लगभग 15000 और इतनी ही संख्या में पद्यों में रचनायें प्रकाशित हुई हैं।

डॉ.काङ्कर ने संस्कृत में रचनाभ्युदयं महाकाव्यम् , संस्कृतसुभाषित-सप्तशती , राष्ट्र-स्मृतिः , संस्कृत –नाट्य- रत्नावलिः , संस्कृत-सुषमा-सप्तशती, 130 संस्कृत-कथाः, उणादिपदानुक्रम-कोषः, संस्कृत-कथा-पञ्चाशिका, लिङ्गानुशासन-कोषः, हार्दिकोद्गार-पंचाशिका, श्रीशिक्षकस्तवराजः, संस्कृतनिबन्ध-माधुरी, संस्कृतप्रचारप्रसारोपयोगी विंशति-सूत्रीकार्यक्रमः, संस्कृत-पद्यपत्र-पारिजातः, खोला-हनूमन् ! भगवन् !! नमस्ते, श्रीमाधवानन्द-वाङ्मय-पूजन-शतकम् , मानस – महाकाव्यम् आदि पुस्तकों का लेखन किया है।

डॉ. काङ्कर की राष्ट्रवेद, शास्त्रसर्वस्वम् , यात्राविलासम्, वीर-वीराङ्गना- वीथि, नवलसतसई , श्रौतमुनिचरितामृतम्, प्रबन्धमकरन्द, प्रबन्धामृतम् , पण्डित-पञ्चदशी , स्वामिगङ्गेश्वरानन्द- यजुर्वेदभाष्यम् , संक्षिप्त-कादम्बरी, द्विजदशाप्रकाश, धर्मकर्मसर्वस्वम्, ऐतरेयारण्यकम्, गोविन्द-गानम्, रसायन- वाजीकरण- दर्पण, आयुर्वेददर्शन-तत्त्व-विमर्श, संस्कृतकवितामृत-तरङ्गिणी आदि पुस्तकें व्याख्यात एवं सम्पादित हैं।

सन् 1970 से दैनिक अधिकार पत्र , जयपुर में ' संस्कृत-समाचारः ' स्तम्भ का और सन् 2006 से ' मूमल' पाक्षिक पत्र , जयपुर में ' देववाणी ' स्तम्भ का लेखन एवं सम्पादन का कार्य भी डॉ. काङ्कर का एक अनुकरणीय आदर्श कार्य है।

डॉ. काङ्कर की आकाशवाणी केन्द्र , जयपुर से 56 संस्कृत कथा , सोदाहरण वार्त्ता एवं काव्यपाठ का प्रसारण हुआ है।दूरदर्शन केन्द्र जयपुर से भी डॉ. काङ्कर ने संस्कृत में काव्यपाठ किया है।

महामहिम राज्यपाल, कुलपति और शिक्षामन्त्रीजी ने भी जहाँ आचार्य डॉ.काङ्कर-विरचित कतिपय पुस्तकों की भूमिका लिखी हैं, वहाँ कतिपय पुस्तकों का समर्पण म०म०राष्ट्रपति , राज्यपाल और मुख्यमन्त्री आदि ने भी स्वीकार किया है। आचार्य डाँ.नारायणशास्त्री काङ्कर जी के द्वारा रचित सम्पादित , व्याख्यायित , प्रकाशित और अप्रकाशित लगभग 250 पुस्तकें है।

राजस्थान , कोटा, कुरुक्षेत्र, उदयपुर, भरतपुर , रोहतक, इलाहाबाद , गुजरात, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान आदि विश्वविद्यालयों के लगभग 35 शोधार्थियों ने डॉ.काङ्कर की कृतियों पर शोधकार्य कर एम.फिल्.,पी-एच.डी.,डी. फिल्.,विद्यानिधि और विद्यावारिधि की उपाधियाँ प्राप्त की हैं। आज भी कई शोधार्थी इनकी रचनाओं पर शोधकार्य कर रहे हैं।

डॉ. काङ्कर को अपने उल्लेखनीय विशिष्ट वैदुष्य के लिये प्राप्त प्रमुख सम्मान एवं पुरस्कार अधोलिखित हैं--

राष्ट्रपति सम्मान (भारत सरकार)-1997, मेरिट अवार्ड (राजस्थान सरकार)-1976और1992, स्पेशियल कॉन्ट्रीब्यूशन अवार्ड (संस्कृत निदेशालय,राजस्थान सरकार )-2002, हारीत ऋषि सम्मान (महाराणा मेवाड फाण्डेशन , उदयपुर)-2002 , संस्कृत साधना शिखर सम्मान (राजस्थान सरकार)-2010, पं.विष्णु शर्मा सम्मान (दिल्ली संस्कृत अकादमी)- 2012, महर्षि वाल्मीकि सम्मान (उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान , लखनऊ)-2015, साहित्य सर्जन योग्यता पुरस्कार (संस्कृत निदेशालय, राजस्थान सरकार)-1973-74,1989-90,1999-2000,2001-2002,2005-2006,2011-2012,2012-2013 , पं. हरिजीवनमिश्र नाट्य पुरस्कार (राजस्थान संस्कृत अकादमी)-1993 , माघ पुरस्कार (राजस्थान संस्कृत -अकादमी )-1995, अम्बिकादत्तव्यास-गद्य-पुरस्कार (राज० संस्कृत अकादमी )-1996, नवोदित प्रतिभा पुरस्कार (राजस्थान संस्कृत अकादमी)-1998, विज्ञान पुरस्कार (राजस्थान संस्कृत अकादमी)-1999, पं. श्री- रामधारिशास्त्रि –शास्त्र पुरस्कार (राजस्थान संस्कृत अकादमी)-2001, पं. चारुदेवशास्त्री गद्य-रचना पुरस्कार (दिल्ली संस्कृत अकादमी)-2003, कथा पुरस्कार- मद्रास संस्कृत अकादमी-1950, संस्कृत-भवितव्यम् साप्ताहिकपत्र नागपुर-1976, 1977,1980,1986, दिव्यज्योतिः शिमला-1960, दिल्ली संस्कृत अकादमी-2005-2006,2006-2007,2012, उत्तराञ्चल संस्कृत अकादमी हरिद्वार-2011, नाटक लेखन पुरस्कार- दिल्ली संस्कृत अकादमी-2008-2009,2009-2010,उत्तराञ्चल संस्कृत अकादमी ,हरिद्वार-2011, निबन्ध पुरस्कार- राजस्थान संस्कृत साहित्य सम्मेलन, जोधपुर अधिवेशन-1952, अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन दिल्ली-1955, समस्यापूर्ति पुरस्कार- दिल्ली संस्कृत अकादमी-2008-2009, उत्तराञ्चल

संस्कृत अकादमी,हरिद्वार-2011, 'आजीवन संस्कृत सेवा अलंकरण ' राजस्थान संस्कृत अकादमी 2022 , पंडित मोतीलाल जोशी स्मृति सुधी सम्मान 2022 , आस्था सांस्कृतिक संस्थान जयपुर अभिनंदन पत्र 2019,

आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर जी को पद्मश्री डॉ मंडन मिश्र पुरस्कार राजस्थान संस्कृत अकादमी जयपुर राजस्थान द्वारा मरणोपरांत वर्ष 2022-23 संप्रति दिया गया। साथ ही राजस्थान संस्कृत अकादमी जयपुर राजस्थान ने आपके पिता पं. श्री नवलकिशोर काङ्कर जी की स्मृति में वेद वेदांग पुरस्कार कल्लाजी वेद पीठ एवं शोध संस्थान, निंबाहेड़ा को प्रदान किया।

डॉ.काङ्कर विभिन्न संस्थाओं द्वारा विद्यालङ्कार ,वैयाकरण- केसरी, विद्यावारिधि, साहित्य- शिरोमणि, साहित्य- सुमेरु, मीमांसाकेसरी आदि सम्मानोपाधियों से भी अलङ्कृत किये गये हैं।

आप जैसे सेवाभावी उत्कृष्ट व्यक्तित्व के धनी देवतुल्य संस्कृत मनीषी के लिये जितना लिखें उतना ही कम है। आप अपना लेखनकार्य अन्तिम क्षणों तक सुचारु रूप से करते हुए, ईश्वन्दना करते हुए ईशसानिध्य में 3 फरवरी 2023 माघ शुक्ल त्रयोदशी विक्रम संवत 2079 को ब्राह्ममुहूर्त्त में हमेशा के लिये ब्रह्मलीन हो गये ।सब करुण प्रार्थनायें जैसे कण्ठ में ही अवरुद्ध हो कर रह गयीं । संस्कृत साहित्य के मार्गदर्शक प्रेरणास्रोत अनुकरणीय प्रेरक व्यक्तित्व हमेशा के लिये स्थान रिक्त कर गये। आपने महर्षी दधीचि की तरह ही अविस्मरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर देह को सवाई मानसिंह मेडिकल कालेज में दान कर दिया। आपकी इच्छा थी, कि मृत्यु के पश्चात् यह देह चिकित्सक विद्यार्थियों के अध्ययन के उपयोग में आये। आपने अपनी सेवामयी करुणामयी दयालु स्नेह की प्रतिमूर्ति सहज सरल पत्नी श्रीमती शान्तिदेवी काङ्कर की भी नौ वर्ष पूर्व देहदान की थी।स्वयं के देहदान की घोषणा आपने जीवित अवस्था में ही 2017 में पत्रिका के टी.वी. प्रोग्राम "यहाँ बसता है हिन्दुस्तान" में कर दी थी। यह सम्पूर्ण धारावाहिक आप को ही लक्ष्य कर निर्मित किया गया था। किं बहुना—

आज यहाँ शून्यता का साम्राज्य हो गया है,
बताओ तो कौन युगपुरुष यहाँ से उठ कर चला गया है,
लेखनी की स्याही को रिक्त कर गया है,
जीवन में खाली पन भर गया है,
बिखरी थी सब और शब्दावलियाँ , लिखते लिखते यह कौन रुक गया है .......

# मेरे अध्यात्मगुरु डॉ. फतहसिंह

**डॉ. मोहनलाल गुप्ता**
पूर्व विभागाध्यक्ष (संस्कृत ) एवं उपाचार्य
राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय - बूँदी

गुरुवर्य डॉ. फतहसिंह के व्यक्तित्व में आध्यात्मिक जीवन दर्शन की प्रधानता थी। उनका असत्य रूप अन्तकार स्वरूप, मृत्युस्वरूप, क्षणभंगुर एवं दु:खद शरीर में विश्वास न होकर सत्यस्वरूप, ज्ञानस्वरूप एवं आनन्द स्वरूप आत्मा में दृढविश्वास था। जीवन्मुक्ति के अक्षय आनंद को प्रदान करने वाले आत्मबोध की प्राप्ति की साधना में वे सर्वदा रत रहते थे। श्रीमद्भगवद्गीता के अध्ययन, चिंतन एवं मनन एवं अनुशीलन के द्वारा उन्हें आत्मबोध हो गया था, इसलिये उनका व्यक्तित्व तमोगुणजन्य अज्ञान के प्रभाव से रहित था। भारतीय ज्ञान एवं विज्ञान के अक्षय स्रोत वेदों का निरंतर अनुशीलन करके उन्होंने जीवन के प्रति भौतिक दृष्टिकोण का परित्याग कर आध्यात्मिक दृष्टिकोण को प्रधानता प्रदान की थी। इसी अभिप्राय को मैंने गीता के अनुष्टुप् छंद में स्वरचित संस्कृत श्लोकों में प्रस्तुत कर सद्गुरुदेव को नमन किया है-

**"स्वस्मिन्करोति विश्वासं, शरीरे तु कदापि न।**
**आत्मबोधे इति यस्य, सद्गुरवे नमो नम:॥**
**गीताध्ययनद्वारेण, यस्मिन् बोधो हि जायते।**
**तमोगुणप्रभावो न, सद्गुरवे नमो नम:॥**
**अनुशीलनद्वारेण, वेदानां येन सर्वदा।**
**दत्ता आध्यात्मिकी दृष्टि:, सद्गुरवे नमो नम:॥"**

वर्तमान समय में मनुष्य भौतिक मूल्यों से प्रभावित होने के कारण क्षणभंगुर सांसारिक लाभ तथा सांसारिक सम्मान के कुचक्र में फँस कर आत्मलाभ एवं आत्मसम्मान से वंचित होता हुआ दारुण दु:खमय जीवन व्यतीत कर रहा है। उसकी  यह दयनीय स्थिति अपने स्वाभाविक सच्चिदानंद स्वरूप को भुला देने के कारण हुई है। मनुष्य जीवन की सार्थकता आध्यात्मवाद के अनुशीलन द्वारा अपने अक्षय आनंदमय स्वरूप को पहचान कर दिव्य

जीवन व्यातीत करने में है। राजकीय महाविद्यालय, कोटा के पूर्व प्राचार्य डॉ. फतहसिंह का आध्यात्मिक व्यक्तित्व वर्तमान समय में पूर्णतया प्रासंगिक एवं उपादेय है।

यहाँ उनके आद्यात्मिक व्यक्तित्व की विभिन्न विशेषताओं का संक्षेप में उल्लेख किया जा रहा है-

### (1) भगवद्दृष्टि

संसार के सभी प्राणियों एवं पदार्थों में भगवान् के दर्शन करना ही भगवद्दृष्टि कहलाती है। "जड़ चेतन जे जीव जग, सकल राममय जानि" यह कह कर गोस्वामी तुलसीदास जी ने इसी भगवद्दृष्टि की ओर संकेत किया है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने- "वासुदेव: सर्वम्" इस कथन द्वारा अर्जुन को भगवद्दृष्टि का उपदेश दिया है। गुरुवर्य डॉ. फतहसिंह ने भगवद्दृष्टि के इस उपदेश को अपने जीवन में आत्मसात् कर लिया था। उनका दृढ विश्वास था, कि आत्मचिंतन ईश्वरोपासना, सत्संग, प्राणायाम, ध्यानादि आध्यात्मिक उपायों के द्वारा सांसारिक पदार्थों के दु:खद स्पर्श को भगवत्स्पर्श में पर्तिवर्तित कर अक्षय आनंद की अवस्था प्राप्त की जा सकती है।

### (2) दिव्य दैवी दृष्टि

आज जब भौतिकवाद के प्रभाव से नारी मात्र के प्रति देहदृष्टि अथवा वासनादृष्टि होने के कारण समाज में अपहरण, बलात्कार, हत्या एवं आत्महत्या जैसे अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है, आदिशक्ति के उपासक श्रद्धेय डॉ. फतहसिंह जी दैवी दृष्टि के आध्यात्मिक संदेश के साथ अक्षय आनंद की अनुभूति करा कर जीवन को सार्थकता प्रदान करने में पूर्णतया समर्थ थे। एतदर्थ नारीमात्र को रामायण की सीता, भागवत की राधा, शिवपुराण की पार्वती, विष्णुपुराण की लक्ष्मीदेवी, भागवत की सावित्री एवं वेदों की गायत्री की दृष्टि से देखना होगा। डॉ. सिंह का प्रत्येक उद्बोधन "देवियों एवं सज्जनो : इस सम्बोधन के साथ आरम्भ होता था। इस दैवी दृष्टि के विषय में कतिपय स्वरचित श्लोक दृष्टव्य हैं :-

**"सर्वभूतेषु या नारी, सीतारूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:॥**
**सर्वभूतेषु या नारी, लक्ष्मीरूपेण संस्थिता॥**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:॥**

**सर्वभूतेषु या नारी , सरस्वती च संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥**
**सर्वभूतेषु या कन्या, दुर्गारूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नम्स्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥"**

### (3) अभेद दृष्टि

"समस्त कर्म ईश्वर के कर्म है एवं समस्त व्यक्ति ईश्वर की संतान है" यही अभेद दृष्टि है। कर्मगत भेददृष्टि में कर्म से सम्बंधित छोटेपन तथा बड़ेपन की संकुचित मनोवृत्ति हमारे अंत:करण में विद्यमान रहती है। इसी प्रकार व्यक्तिगत भेददृष्टि से जाति, कर्म, पद, जन आदि की दृष्टि से व्यक्तिगत भेद की क्षुद्र मनोवृत्ति स्थान बना लेती है। यह भेददृष्टि संक्रामक रोग की तरह फैलते हुए भौतिकवाद की देन है। पंचभूतों से निर्मित संसार के चिंतन का परित्याग कर निरंतर भगवच्चिंतन के द्वारा इस अभेददृष्टि की अवस्था को प्राप्त किया जा सकता है। आदरणीय डॉ. फतहसिंह इस अभेददृष्टि के कारण ही "अजातशत्रु" कहलाते थे। विद्वज्जन उनकी अभेददृष्टि से प्रभावित होकर उन्हें सहज एवं स्वाभाविक सम्मान प्रदान करते थे।

### (4) समत्व दृष्टि

जिस अवस्था में हमारी मनोवृत्ति पर सुख की अनुकूलता एवं दु:ख की प्रतिकूलता का प्रभाव नहीं होता, उसे समत्व दृष्टि की अवस्था कहा जाता है। यह अवस्था अक्षय आनंद, जीवन्मुक्ति एवं चरम शान्ति की अवस्था है। इस अवस्था में स्थित होने के कारण श्रद्धेय डॉ. फतहसिंह ने विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में प्राचार्य के रूप में कार्य करने के दौरान असामाजिक तत्त्वों का निर्ममता, साहस एवं शौर्य से सामना किया एवं अंत में उन असामाजिक तत्त्वों को ही झुकना पड़ा था।

### (5) गुण दृष्टि

मानवमात्र गुणों एवं अच्छाइयों से परिपूर्ण है, यही गुणदृष्टि है। यह गुणदृष्टि गुरुवर्य डॉ. फतहसिंह के आध्यात्मिक व्यक्तित्व की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता थी। निरंतर मनन, चिन्तन एवं परहित सम्पादन के कारण उनके विचार सकारात्मक एवं रचनात्मक थे। वे अपने व्याख्यान के दौरान दूसरों के गुण देखने के लिये ही प्रेरित करते हुए

भर्तृहरि के ''नीतिशतक'' के इस श्लोक का पाठ करते थे-

**"मनसि वचसि काये पुण्यपीयूषपूर्णा:।**
**त्रिभुवनमुपकारश्रेणिभि: प्रीणयन्त:॥**
**परगुणपरमाणून्पर्वतीकृत्य नित्यं,**
**निजहृददि विकसन्त: संति संत: कियन्त:॥"**

वर्तमान समय में भौतिक मूल्यों के निरंतर चिन्तन के कारण मानवस्वभाव में दोषदृष्टि आविर्भूत हो रही है, जिससे मानव-मन एवं चरित्र ये दोनों प्रदूषित हो रहे हैं, अत: वर्तमान में श्रद्धेय डॉ. फतहसिंह के व्यक्तित्त्व की उपर्युक्त विशेषता मानव मात्र का मार्गदर्शन करने में समर्थ है।

**(6) साधनात्मक भौतिक दृष्टि**

मौलिकता, मानवता एवं सज्जनता की उपलब्धि आध्यात्मिक साधना के बिना असम्भव कार्य है। मानसिक शांति, मानसिक प्रसन्नता एवं मानसिक गम्भीरता के लिये मन को चिंतनरूपी समुद्र में डुबो कर मौलिकता रूपी ज्ञान के मोती निकालना शोधकार्य का मुख्य उद्देश्य है। गुरुवर्य डॉ. फतहसिंह इस कला में पारंगत थे। वे सर्वदा चिंतनमग्न रह कर शोधविषयक नवीन अवधारणाओं का अन्वेषण करते रहते थे। डॉ. फतहसिंह मेरे शोधनिर्देशक रहे हैं, साथ ही राजकीय महाविद्यालय कालाडेरा (जिला-जयपुर) में मेरे प्राचार्य भी थे। शोधविषयक चर्चा के दौरान वे बतलाया करते थे, कि ज्ञान का विस्तार करने वाला शोधप्रबंध एक मुक्ताहार के समान होता है, जिसमें मौलिक तत्त्व मध्यमणि का कार्य कर प्रत्येक अध्याय को प्रकाशित करता रहता है। इस प्रकार उन्होंने अपने शोधकार्य को भी आध्यात्मिक साधना का अंग बना कर मानवजीवन के उद्देश्यरूपी अक्षय आनंद की प्राप्ति से जोड़ दिया था।

**(7) आत्मविश्वास' तथा 'आत्मसम्मान' द्वारा 'आत्मलाभ' में रुचि**

वर्तमान समय में हम रति के लिये सांसारिक भोगों, तृप्ति के लिये स्वादिष्ट भोजन एवं संतुष्टि के लिये वाक्य-धन को स्वीकार कर जीवन को अक्षय आनंद से वंचित कर रहे हैं। ऐसे समय श्रीमद्भगवद्गीता के तृतीय अध्याय का निम्नलिखित श्लोक विचारणीय है-

**"यस्त्वामरतिरेव स्यादात्मतृप्तस्य मानवः।**

**आत्मन्येव च संतुष्टस्तस्य कार्यं न विद्यते॥" (गीता ३। १७)**

अर्थात् जो मनुष्य आत्मा में ही रमण करने वाला और आत्मा में तृप्त तथा आत्मा में ही संतुष्ट हो, उसके लिये कोई कर्त्तव्य नहीं है। इस श्लोक के अनुसार आत्मा में निहित अक्षय आनंद, अक्षय तृप्ति एवं अक्षय संतुष्टि की शक्तियों में विश्वास करना ही 'आत्मसम्मान' कहलाता है। 'आत्मविश्वास' एवं 'आत्मसम्मान' इन दोनों के द्वारा ही 'आत्मलाभ', 'परमलाभ' अथवा जीवन्मुक्ति के अक्षय आनंद की अवस्था प्राप्त हो सकती है, जो कि मनुष्यजीवन का एकमात्र उद्देश्य है। गीता का नियमित अध्ययन, चिंतन एवं मनन करने के कारण श्रद्धेय डॉ. फतहसिंह ने इस अवस्था को प्राप्त कर लिया है।

गुरुवर्य डॉ. फतहसिंह के आध्यात्मिक व्यक्तित्त्व की उपर्युक्त विशेषताओं के संक्षिप्त विवरण से यह स्पष्ट होता है, कि आज जब भौतिकवाद समस्त विश्व में सबसे बड़े रोग एवं सबसे बड़ी समस्या के रूप में उभर कर सामने आया है, तब भी आप अपने व्यक्तित्त्व द्वारा मानवमात्र को मानव जीवन के परम लक्ष्य 'आत्मलाभ' अथवा 'परमात्मलाभ' के लिये आवश्यक दिव्यजीवन जीने की प्रेरणा देने में पूर्णतया समर्थ आदर्श महापुरूष के रूप में हमारे समक्ष विद्यमान हैं।

# "ARCHITECTURE AND INSCRIPTIONS ON CHHATRIES OF BIKANER"

**Dr. Uma Dubey**
Supervisor Doctor of Philosophy (Ph.D) Dept. of History,
Faculty of Social Sciences and Humanities
Mansarovar Global University
Bhopal, Madhya Pradesh


***Back View of "Chhatries" of Bikaner***

The tradition to cherish the memory of one`s beloved could be seen in human nature from ancient period in the form of different monumental structures.

The construction of ***yajnavedi*** (firewood place), ***stupa***, ***chaitya***, ***tombs and chhatries*** or canopies in India were like the pyramid monuments of Egypt and among these monumental architectures construction of chhatries were worth consideration as they depicts spiritual and religious life of a man.

During Vedic period in India, people use to build a semicircle or dome shape structures over burial place, which were constructed roughly. A reference may be traced to some description of these dome shaped construction in shatpath ***Brahmin***, ***Ashwalayangrihasutra*** and ***Dharmashastra***. These primitive structures were later transformed into the renowned stupa and chaitya in Buddhist architecture. Hence, it could be safely concluded that these constructions were later transformed into chhatries or canopies.

A "***chhatri***" or a canopy is an elevated dome shaped structure with an open pavilion and therein the word chhatri means an umbrella. The usual and more widely understood meaning of a chhatri is that of a memorial which is usually very ornate and built over the site where the funeral (cremation) of the royals were performed.

The word chhatri is also used to refer the small pavilions that mark the corners and roof of the entrance of a major building. These pavilions are purely decorative in nature and have no utility, but are a classic folly, displaying the status and wealth of the owner. Chhatries were mostly used in palaces, forts to demarcate funerary sites.

The origin of chhatri is a controversial subject in India as Fergusson derived the concept of Islamic grave behind the origin of chhatris, where as Herman Goetz is of the opinion that behind the construction of these canopies the idea of Rajputana and some tribes of central India were ***working***, but gradually as the time elapsed a drastic change in the construction of these chhatris were observed.

In medieval India the construction of the said canopies were under taken according to rulers or a feudal or a sardar`s status and wealth in competition with Islamic tombs, but as far it concern to the origin of canopies the tradition has been observed in India since ancient time and this is the reason that temple architecture bears a resemblance more to this form of ***architecture***.

The assimilation of numerous reasons were responsible behind the construction of these kind of architectures such as social and religious tenderness, in order to highlight the social customs, last but not the least in the fond memory of someone`s beloved or in the memory of a royal family member.

The tradition to affix inscriptions could be attributed to the massive constructions of the chhatries. These inscriptions gives a description of the then prevailing social customs, traditions and chronological information, hence the eminency of inscriptions is more than a canopy.


Bikaner is the place where one can see numerous chhatries pertaining to erstwhile maharajas of the state. Bikaner is situated in the north-west of Rajasthan and is said that foundation of these chhatris or this kind of architecture was first laid down during the reign of ***Rao Bika***(the founder and first ruler of the state).

The chhatries of Bikaji and his immediate two successors are situated in the premises of Laxminath temple (one of the oldest vaishnav temple of Bikaner) and is referred to as ***"bikaji ki tekri"***. The inscriptions affixed at this place give us information about the contemporary social customs and traditions of the state.

The royal crematorium is situated at Devikundsagar which is 5km to the east of the city of Bikaner, where one can find a long cordon of canopies pertaining to the rulers of Bikaner starting from Rao Kalyanmal to Karni Singh. These chhatries are not only magnificent in their architecture but can be acquainted with the then prevailing social and cultural traditions through the inscriptions affixed with every canopy.

**The Architecture -** The chhatries are not only splendid in their architecture but are great example of ***Indo-Islamic*** style. Most of the canopies had been built in red ***sandstone***. These chhatries were built on high pedestal, and having pillars of different time period.

The oldest chhatri is that of ***Rao Kalyanmal***, which was built in the $16^{th}$ century. It seems that it`s octagonal dome added to it later in $17^{th}$century, influenced by regional Muslim dynasties such as sultan of ***Sur and Malwa***, but according to Havell the style of these kind of domes were adopted from ***"Magadhistyle"***,in which masons were used to bent bamboos to make a lotus shaped or a 8 petal dome which was later used by ***Dravid rulers of Mammallpur***.



***Inner portion of a ceiling depicting " Raslila"***

The chhatri of maharaja Rai Singh (contemporary to Akbar) was built in mid of $16^{th}$ century. Very first time depiction of ***"Raslila"*** could be seen in the inner ceiling of this canopy which is a pure ***Rajput architectural style***.

The canopies of raja Karan Singh and maharaja Anup Singh which were constructed in the $17^{th}$century have 16 pillars, and are an assimilation of Hindu and Mughal architecture. The first canopy have pillars contemporary to ***Aurangzeb*** as the leaf of ***"plantain"*** had been engraved on the base of the pillars, whereas the rest part of the pillars gives simple expressions.




***Carving on the pillar of Maharaja Anup Singh chhatri***

Chhatri of maharaja Anup Singh is most bountiful and splendid amongst all the canopies. We could see influence of pure Mughal architectural style especially at the period of Shajahan. In this form of architecture the use of pointed ***cusped arch***, ***embellishment of dado*** with ***frieze***, ***arabesque***, minute carving of foliage, and mostly the style of pillar in which the base and middle part has been copied to Shahjahan style of pillar could be observed.

The canopy of maharaja Sujan Singh is different in architecture, it has the elements of Hindu temple architecture dominating the influence over than that of a contemporary Mughal architecture. The layout plan of this canopy is similar to a temple in which we can observe the use of 24 pillars, and a ***"peristylar"***seems like an ***"Ardhamandapa"*** or ***"Sabhamandapa"***. Although Cusped arches had been used in this canopy, but these arches had difference in their cusps in comparison to the canopy that of maharaja Anup Singh.

The impact of later Mughal period could be seen on the canopy of maharaja ***Gaj Singh***.wherein we could see the appropriate proportion of architectural elements. The inner ceiling of this canopy consists of a 12 angled ***"chhatra"*** like structure in which twelve ***"Gopies"*** were depicted in standing position with musical instruments in their hands.



***A pillar at Chhatri of Maharaja Karan Singh***

Canopies of Maharaja Surat Singh and Maharaja Ganga Singh which were built with white marble had used ***"Stucco work"*** and local ***"Usta art"*** for adornment.

The magnificent architecture of the canopies pertaining to the rulers of Bikaner are not only protuberant but these canopies also contains within their ambit an eminent element of the social and traditional customs of the contemporary period for better understanding through the inscriptions affixed on them.

**The Inscriptions** — The tradition to affix inscriptions on canopies dates back to the introduction of chhatri architecture in the state. There are three inscriptions affixed at ***"bikajikitekri"***. The foremost inscription is of Rao Bikaji which not only defined the social conditions of that time but also described the political consequences of the existing period. In this legendry work of architecture we get informed about the condition in which Rao Bika has founded the state of Bikaner and the dynasty of ***Rathore***. This inscription also gives information about the immoral state of the ***"Khwas"*** or the attendant in comparison to the queens.



***A Dado portion of Chhatri of Maharaja Anup Singh***

These inscriptions show the entire female statuette who implemented the tradition of ***"Sati"*** at the time of demise of the particular ruler.

The inscription on the canopy of Maharaja Rai Singh not only provide the facts about the social conditions but also provide us with the information about the politically stoutest position of maharaja Rai Singh, that before the name of maharaja there was a tradition to affix ***"Shri"*** at least five ***times***.

The monumental inscription of Maharaja Sur Singh gives the information about the

tradition of the change in the name of the queens at their in-law's place. In this legendry work of architecture name of the state has been inscribed as ***"Vikramnagar"*** instead of ***Bikaner***.


***Chhatri of Maharaja Sujan Singh***

The inscriptions on monuments of later period (from mid of the 18th century) such as maharaja Gaj Singh do not provide or have a reference to any information about ***"Sati Pratha"***. It seems that from this period onwards, the social custom of ***"Sati Pratha"*** was on decline and nearing to an end but in some legends of 19th century such as Moti Singh (son of Maharaja Surat Singh) monumental inscription (1825 A.D) gives account about this custom.

The letterings also give some material information about the constructions of ***"Nadas"*** and placing of ***"chhatrika"*** in the memory of the prince and princess who died at early age.

The very first time in 1867, in the memory of a keeper or attendant or ***"Khwas"***, Sugan Kanwar (keeper of Maharaja Sardar Singh) a ***"Paduka"*** or a footstep of white marble and a ***"Chhatrika"*** had been established. We get this information from the inscription of above mentioned ***attendant***.

The inscription of Maharaja Lal Singh described the consecutive information about Maharaja Dungar Singh and Maharaja Ganga Singh. These inscriptions also pronounced the religious customary of the sovereigns of the ***state***.

The inscriptions on the canopies of the rulers of the Bikaner give us facts and information about the social, religious and traditional customs of existing state. They also provide information on the political condition of contemporary era and that of a particular ruler.


***The base of a pillar of Maharaja Anup Singh " Chhatri"***

The **"Chhatries"** of Bikaner are built in red sandstone and white marble, having magnificent architectural features assimilating to that of Indo-Islamic style. Embellished with different style of pillars, these canopies are decorated with Hindu and Islamic motifs like floral ornaments, brackets, paintings of raslila, arabesques etc. Visible are marks on some pillars such as +, cross mark and reverse **T** Alphabet. It seems that these marks were used to denote a particular group of masons or were used for **"Tantrism"**.

The **"Chhatris"** had enormous affixed inscriptions. These inscriptions gives description of social customs, traditions of royals, as well as masses and chronological information about the contemporary dynasty, hence eminency of inscriptions is more than a whole canopy. The inscriptions engraved over a white marble stone, depicts some male and female figurine of king, queens and keepers.

1. Rigveda : 10.18.8
2. Murthy,Vedula,V.L.N:indian architecture Hindu,Buddhist,Jain and Islam,New Delhi,2011,pg.120

   Stupas are the symbolic monuments of Buddhists. They are the brick mounds in the shape of a Hemisphere rising to a height approximately equal to its radius. In the bottom centre of this domical mound Buddha`s relics were kept preserved making it sanctified and sacred.
3. The cave settlements for Buddhist Shravakas.these were worshiping halls.
4. Sometimes called cenotaphs.
5. Shatpath Brahmin : 13.8.3.11
6. Aswalayangrihasutra : 4:5
7. Kane : Dharmashastraka itihaas,part-4,pg.255
8. Dr. Ram nath: MadhyakalinBhatiyaKalayenaurinka vikas,Jaipur,1973,pg.84

   A Chhatri is a Mandapa with chhajja built on burial place. It could be square, circular or hexagonal in shape.
9. Goetz, Herman :art and architecture of Bikaner state,Oxford,1950,pg.64
10. Havell,E.B :Indian architecture,London,1927,pg.64
11. 1488-1504A.D.
12. Captain powlett : Gazetteer of Bikaner state,Bikaner,1874,pg.152
13. The red sandstone of `Dulmera`(a village near Bikaner) is a soft stone therefore masons can easily do carving and engraving upon them.
14. 1542 to 1571A.D.
15. Goetz, Herman:The art and architecture of Bikaner state,oxford,1950,pg.65
16. Havell,E. B : Indian architecture,London,1927,pg.96-97
17. Goetz,Herman:Rajput art and architecture,pg.13

18. Goetz, Herman: The art and architecture of Bikaner state,Oxford,1950,pg.65
19. A kind of plant whose leaves are big and flatten in shape and also eatable.
20. type of an arch which have 6,9 or 12 cusps.
21. Base part of a building or monument which is used for decoration.
22. Motives such as floral. etc. in continuation
23. Embellishment with Vertical , horizontal, and circular lines in continuation. This is a pure Muslim style of decoration.
24. Peristylar is an open space like veranda surrounded by pillars.
25. A pillar outdoor pavilion for public rituals in temple architecture.
26. Ruling period 1746-1787A.D.
27. Lime plaster done on plain surface for Fresco or other decorative element.
28. Local art style of Bikaner in which golden painting done in different forms.
29. Rao Bikafouded the state in 1488 A.D. the description of Rathore dynasty of the state has been given in this legend. The rulers of the state used to put title `Verma` of `Kshatriya` with their name.
30. The inscription of Maharaja RaisighV.S.1668(1612A.D.),Kalyansagar ,Bikaner.
31. The monumental inscription of Maharaja Sursingh,V.S.1688(1631A.D).the inscriptions of V.S.1561,1740,1815, and 1840 also give the name `Vikramkhandpur` `,Vikramnagar` and `Vikrampur`.
32. There was a tradition to construct a small space instead of chhatri in the memory of those princes who died at early age. People use to built a small bowl shaped structure on the upper part of `Nada', so that some liquid such as milk could be poured in that for the dead people.
33. Vyas, Dr.Rajendra Prasad Churuwala: Bikaner keshilalekhekaitihasikadhyayan,Bikaner ,1990,pg.136
34. Inscription of Maharaja Lalsingh,V.S.1944(1887A.D.),Kalyansagar, Bikaner.

# राष्ट्रोपनिषत्

रचयिता
**आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर विद्यालङ्कारः**
(महामहिम–राष्ट्रपति–सम्मानित)

हिन्दी-रूपान्तरण-कर्त्री
**सौ. श्रीमती इन्दु शर्मा**
एम.ए., शिक्षाचार्या

अंग्रेजी-रूपान्तरण-कर्त्ता
**महामण्डलेश्वरः स्वामी श्री ज्ञानेश्वरपुरी**
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थानम्, जयपुरम्

**कलाया यत्र पूजा न, खिन्नाश्च तदुपासकाः ।**
**तत्रत्यं शासनं किं न, निन्द्यं भवति कर्हिचित् ? ॥११२॥**

कला की जहाँ पूजा नहीं होती और उस कला की उपासना करने वाले दुःखी रहते हैं, क्या वहाँ का शासन कभी निन्दित नहीं होता ?

Will the government not be criticised there, where art is not respected, and artists are unhappy?

**कल्पवृक्षो गुरुर्नूनं, तत्सेवी नैव निष्फलः ।**
**ईश्वरादपि तत्–स्थानं, सदैवोच्चं निगद्यते ॥११३॥**

गुरु निश्चित रूप से कल्पवृक्ष ही होता है । उसकी सेवा करने वाला कभी निष्फल नहीं रहता । ईश्वर से उसको सदा ही ऊँचा कहा जाता है ।

Guru is surely a wish-fulfilling tree. The one who serves him will never be without fruits. It is always said that he is higher than God.

**कल्याणं काम्यते स्वीयो, विवेकस्त्यज्यतां नहि ।**
**यतो विवेकशून्या हि, प्राप्नुवन्ति क्षतिं सदा ॥११४॥**

यदि अपने कल्याण की कामना की जाती है, तो कभी अपना विवेक नहीं छोड़ा जाय, क्योंकि विवेकशून्य जन ही सदा क्षति प्राप्त किया करते हैं ।

If well being is desired then intellect/common sense should never be given up, because without it harm always befalls a person.

**कस्तया शिक्षया लाभो ? या नाचार–सुधारिका ।**
**धनेनापि च किं तेन , सत्कार्ये यन्न गृह्यते ॥११५॥**

उस शिक्षा से क्या लाभ, जो आचरण को सुधारने वाली नहीं है और उस धन से भी क्या ? जो अच्छे कार्य के लिए नहीं लिया जाता है ।

What is the benefit of education which is not practiced? And what is the benefit of the wealth if not used for good deeds?

**कस्तया शिक्षया लाभः ? शिक्षा याऽऽचरिता नहि ।**
**क्रियायां कुशलो यस्तु, स सुखी यशसा सह ॥११६॥**

उस शिक्षा से क्या लाभ ? जिसका आचरण नहीं किया गया। जो कर्म करने में कुशल होता है, वही यश के साथ सुखी रहता है ।

What is the benefit of education which is not practiced? The one who is perfect in doing the work lives always happy in fame.

**कस्तया शिक्षया लाभः ?, सद्गुणान् या न शिक्षयेत् ।**
**व्यक्तिं तु सद्गुणा एव, सुखयन्ति सदा खलु ॥११७॥**

उस शिक्षा से क्या लाभ ? जो सद्गुणों को न सिखाये । व्यक्ति को तो निश्चित रूप से सदा सद्गुण ही सुखी बनाते हैं ।

What is the benefit of education that does not bring good qualities? Surely, happiness always follows good qualities.

**कस्तया शिक्षया लाभः ?, सभ्यो न स्याद् यतो जनः ।**
**आचारः पशुवद् यस्य, पीडां दद्यात् पदे पदे ॥११८॥**

उस शिक्षा से क्या लाभ ? जिससे मनुष्य सभ्य नहीं बने और जिसका पशुवत् आचरण पद पद पर पीड़ा दे ।

What is the benefit of education that does not make a person civilised but his animal qualities harm him on every step?

**कस्मै प्रियतमा–तुल्या, रुच्या न चाटुकारिता ? ।**
**एतत्प्रभाविता देवाः, पूरयन्ति मनोरथान् ॥११९॥**

प्रियतमा के तुल्य चाटुकारिता किसको रुचिकर नहीं होती ? इससे प्रभावित देवता भी अपने चाटुकारों के मनोरथों को पूरा कर दिया करते हैं ।

Who does not like flattering, which is like the most beloved???? Gods are fulfilling all desires of the person who flatters them.

ISSN : 2582-6360




Grand Opening

# Om Ashram

Om Vishwa Deep Gurukul Swami Maheshwarananda Ashram
Education & Research Centre

2023




प्रकाशक : **विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान** - कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org